Navodaya Times **Dated 11.03.2023**

बच्चों के साथ पुलिस अधिकारियों ने याद किया अपना बचपन



पुलिस अंकल के साथ स्कूली बच्चों ने देखा थाना

नई दिल्ली,10 मार्च (नवोदय टाइम्स):बच्चे जब नहीं डरा करते हैं। उनको बोला जाता है कि पुलिस अंकल को बुलाकर पकड़वा देगें।जिसके बाद बच्चा भी चुपचाप होकर बैठ जाता है। उसको बता रखा है कि पुलिस किस तरह से पिटाई करती है। पुलिस बदमाशों को थाने में ले जाकर बहुत मारती है। बच्चों में पुलिस का एक अलग ही खौफ होता है। हकीकत यह है कि आज बच्चों में पुलिस वालों को देखकर अलग ही भावना जाहिर होती है।

पुलिस वालों को देखकर बच्चे अपना रास्ता बदल लेते हैं। लेकिन बच्चों में पुलिस को लेकर गलत भावना को दूर करने के लिये मॉडल टॉउन पुलिस को यह जिम्मा सौंपा गया कि बच्चों को थाने बुलाकर उनको बताया जाए कि पुलिस अंकल केवल बदमाशों के लिये ही सख्त होते हैं। बाकी लोगों के लिये वो अच्छे होते हैं। मॉडल टॉउन थाने में एक पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों को लाया गया। जहां पर खुद एसएचओ समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने बच्चों का वेलकम किया। उनको बताया गया कि किस तरह से थाने में काम होता है।

किसी तरह से इलाके में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाती है। कहां पर आरोपियों को रखा जाता है। बच्चों के साथ मिलकर पुलिस अधिकारी भी बच्चे की तरह अपना रवैया अपनाने लगे थे। बच्चों से जहां उनके बारे में और उनके परिवार व पढ़ाई के बारे में पूछा गया तो वहीं पुलिस वालों ने भी अपने बारे में और अपने बचपन के बारे में उनको बताया। बच्चों को बताया कि अगर कोई आपके साथ बदमाशी करता है तो तुरंत परिवार को बताएं या फिर इलाके में घूम रहे पुलिस अंकल को बताए। जिससे बदमाश को पकड़ा जा सके।